कार्यालय समन्वयक, प्री.डी.एल. एड. – 2024

वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना

प्री डी.एल.एड. परीक्षा- 2024 में प्रवेश में असफल रहे अभ्यर्थियों को पंजीयन शुल्क राशि लौटाने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश-

प्री डी.एल.एड. परीक्षा, 2024 के लिए ऑनलाइन काउन्सलिंग के माध्यम से प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होने के पश्चात प्रवेश में असफल रहें अभ्यर्थियों को काउन्सलिंग पंजीयन शुल्क एवं प्रवेश शुल्क राशि लौटाई जानी है। रिफंड हेतु ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन करने पर रिफंड की कार्यवाही की जायेगी | इसके लिए अधिकृत वेबसाइड (https://predeledraj2024.in/vcnt.php) पर रिफंड हेतु आवेदन दिनांक 03-10-2024 से प्रारम्भ किया जा रहा है। अभ्यर्थी, अभ्यर्थी के माता या पिता इन तीनों में से किसी एक का ही खाता विवरण स्वीकार किया जायेगा। अभ्यर्थी रिफंड राशि आवेदन हेतु निम्नांकित तथ्यों को ध्यान रखे-

1. ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत न करने की स्थिति में अभ्यर्थियों को राशि रिफंड किया जाना संभव नहीं होगा|
2. रिफंड हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का शुल्क में निम्नानुसार कटोती कर रिफंड किया जायेगा |
   i. ऐसे अभ्यर्थी जिनको किसी भी अध्यापक शिक्षा संस्थान का आवंटन नहीं हुआ उनके द्वारा जमा शुल्क मे से 100 रुपये काटकर शेष राशि रिफंड कर दी जायेगी |
   ii. ऐसे अभ्यर्थी जिनको किसी भी अध्यापक शिक्षा संस्थान का आवंटन हुआ है परन्तु उनके द्वारा संस्थान में रिपोर्टिंग नहीं की गई है ऐसे अभ्यर्थी के जमा शुल्क मे से 500 रुपये काटकर शेष राशि रिफंड कर दी जायेगी |
   iii. ऐसे अभ्यर्थी जोकि गलत तथ्यों अथवा मिथ्या सूचनाओं को प्रविष्ट करने अर्जित योग्यता परीक्षा के प्राप्तांक प्रतिशत बढ़ाकर अंकित करने तथा गलत केटेगरी (संवर्ग) में अपने आपको पंजीकृत करने इत्यादी के आधार पर प्रवेश हेतु अयोग्य घोषित हुए है उनकी पंजीकरण शुल्क रूपये 3000 काटकर शेष राशि रिफंड कर दी जाएगी |
3. रिफंड आवेदन में उन्हें रिफंड राशि हस्तांतरित हेतु बैंक खाता विवरण अपडेट करना होगा। इस हेतु वे अपन स्वयं का एवं माता पिता तीनों में से एकके बैंक खाता विवरण को ही अपडेट करना होगा अन्यथा रिफंड कार्यवाही नहीं की जावेगी।

4. अभ्यर्थियों को रिफण्ड आवेदन में केंसिल चेक / पासबुक के प्रथम पृष्ठ की स्वच्छ फोटो (Max 200 kb) जिसमे बैंक खाता संख्या व IFSC Code स्पष्ट रूप से पढ़ने में आए , अपलोड करनी होगी।
5. शीघ्र रिफंड प्राप्त करने के लिए रिफंड आवेदन में अभ्यर्थी प्राथमिक रूप से स्वयं का बैंक खाता उपलब्ध करवाये |
6. रिफंड आवेदन में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर समन्वयक कार्यालय की हेल्पलाइन नंबर/ईमेल पर संपर्क करें|
7. बैंक खाता विवरण में बैंक का नाम , बैंक खाता धारक का नाम, खाता संख्या, IFSC Code सावधानीपूर्वक व मिलान कर भरें। खाता विवरण की सही व पूर्ण जानकारी भरने के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा।
8. आवेदन करने के उपरांत अभ्यर्थी स्वयं के लॉगिन पर नियमित रूप से लॉगिन करके सबंधित जानकारी प्राप्त कर सकता हैं |
9. खाते की गलत जानकारी देने पर होने वाली किसी भी वित्तीय हानि के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा व इस सबंध में किसी भी प्रकार का क्षतिपूर्ति दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा | अत: अभ्यर्थियों को सावधान किया जाता हैं तो बैंक खाता विवरण सावधानीपूर्वक मिलान करने के उपरांत भरे |

समन्वयक
प्री डी.एल.एड. परीक्षा 2024